KANNAUJ POLICE

दिनाँक:- 12 अगस्त 2024 प्रेस नोट थाना ठठिया

थाना ठठिया पुलिस द्वारा डकैती की योजना बनाते 08 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ0 प्रियंका वाजपेयी व सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में थाना ठठिया पर गठित टीमों द्वारा डकैती की योजना बना रहे अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर एक संगीन घटना घटित होने से रोका गया ।

संक्षिप्त विवरण :- अवगत कराना है कि बेला-तिर्वा रोड पर चोरी, लूट, डकैती आदि की घटनाओं को अंजाम देने के लिए कुछ समय से एक गैंग/गिरोह सक्रिय था 1 कन्नौज पुलिस द्वारा पूर्व से ही उनकी गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी जो इनके पर्दाफाश हेतु खोजबीन के लिए बेला-तिर्वा मार्ग पर सक्रिय थीं। चेकिंग के दौरान थाना ठठिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 12.08.2014 को सुक्कीपुल नहर के पास से डकैती की योजना बनाते हुए 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगणो के कब्जे से 02 अदद मोटरसाईकिल बरामद हुई है जिसके संबंध में थाना ठठिया पर मु0अ0सं0 235/2024 धारा 310(5) बीएनएस बनाम कन्हैया आदि 8 नफर उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। जांच में पाया गया कि अभियुक्त 1.अंकित सक्सेना, भोला उर्फ शिवेंद्र व कन्हैया द्वारा दिनाँक 09.08.2024 को मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्तियों से नहर पट्टी पर छीना झपटी की कोशिश की गई थी। दिनांक 11.08.2024 को जयचंद पुत्र भैयालाल निवासी ग्राम मटकेपूर्वा थाना ठठिया जनपद कन्नौज दिनांक 09.08.2024 आपने दोस्त शोभित के साथ उमर्दा से समय करीब शाम 7.40 बजे अपने गांव आ रहे थे कि बेरिहारपुरवा के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनसे सोने की चेन को छीनने का प्रयास किया था के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था, प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना ठठिया पर मु0अ0स0 234/24 धारा 309(5) बी0एन0एस0 बनाम 03 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पूछताछ का विवरण:-

अभियुक्तों से सघनता से पूछताछ की गई तो अभियुक्त कन्हैया उपरोक्त ने बताया कि मैं, अंकित सक्सेना और भोला सिंह उर्फ सर्वेंद्र ने दिनांक 09.08.2024 को करीब 8.00 बजे शाम को नहर पट्टी पर उमर्दा के तरफ से

एक मोटरसाईकिल पर आ रहे दो व्यक्ति से बेरिहारपुरवा के पास छीना झपटी की। लेकिन वह दोनो व्यक्ति मोटरसाईकिल से भाग गए थे

गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण का नाम पता:-

1.कन्हैया पुत्र राजकुमार उर्फ पप्पू सक्सेना निवासी कुढ़िना थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र 20 वर्ष
2.अंकित पुत्र रवीन्द्र सक्सेना निवासी कुढ़िना थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र करीब 19 वर्ष
3.सर्वेन्द्र उर्फ भोला पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी कुढ़िना थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र करीब 22 वर्ष
4.बृजेश पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम मिरुअन मडहा थाना ठठिया जनपद कन्नौज उम्र करीब 23 वर्ष
5.शिवप्रसाद उर्फ हर्रे पुत्र रामेश्वर दयाल राजपूत निवासी ग्राम कन्हईपुर्वा थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज
6.राजा पुत्र करन सिंह गिहार निवासी जगतापुर मौजा उद्दमपुर थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज
7.रामवीर उर्फ कातिल पुत्र राम आसरे निवासी कन्हईपुर्वा थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज उम्र करीब 24 वर्ष
8.पिन्टू पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम कन्हईपुर्वा थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज उम्र करीब 23 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1.थानाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी , थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
2.उ0नि0 रामप्रकाश वर्मा, थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
3.उ0नि0 धीरेन्द्र सिंह, थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
4.उ0नि0 अकील अहमद थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
5.हे0का0 203 शेर सिंह थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
6.हे0का0 252 सुनील कुमार थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
7.का0 496 आदित्य तिवारी, थाना ठठिया जनपद कन्नौज।
8.का0 828 चमन सिंह थाना ठठिया जिला कन्नौज।